प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के छह जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में होंगे अपग्रेड, केन्द्र सरकार ने दी सहमति।
2. राज्य में हुए शराब घोटाला मामले में एसीबी ने तेज की कार्रवाई, मैनपावर सप्लायर कंपनी के निदेशक को किया गिरफ्तार।
3. आयुष्मान भारत के क्रियान्वयन में रांची सदर अस्पताल देश भर में अव्वल, अब तक दो लाख से अधिक मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार।
4. राज्य में फिर सक्रिय हुआ मानसून, आज रांची, खूंटी और सिंहभूम समेत 13 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी।
5. 134वां इंडियन ऑयल डुरंड कप आज से, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में जमशेदपुर एफसी और त्रिभुवन आर्मी एफटी के बीच होगा पहला मुकाबला।

****************

झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और सुलभ बनाने की दिशा में एक अहम पहल हुई है। राज्य के छह जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। यह अपग्रेडेशन पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप –पीपीपी मोड में किया जाएगा। धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम के जिला अस्पताल इस योजना में शामिल किए गए हैं। इस बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में सरकार लगातार कदम उठा रही है।

****************

शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो– एसीबी ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस कड़ी में मैनपावर आपूर्ति एजेंसी सुमित फैसिलिटीज के निदेशक अमित प्रभाकर सलौंकी को गिरफ्तार किया है। शराब घोटाला मामले में यह 11वीं गिरफ्तारी है।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं। वे देवघर एम्स और धनबाद में आईआईटी –आईएसएम के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार आइआइटी आइएसएम का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं।

वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और झारखंड पुलिस अकादमी के निदेशक आईजी अखिलेश कुमार झा ने भी धनबाद पहुंचकर एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक के रूट का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

****************

आयुष्मान भारत–मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल क्रियान्वयन में रांची सदर अस्पताल ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। रांची सदर अस्पताल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क और समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावशाली क्रियान्वयन में सभी जिला अस्पतालों को पीछे छोड़ दिया है। रांची सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 2 लाख से अधिक आयुष्मान कार्डधारी मरीजों को निःशुल्क इलाज और समुचित चिकित्सा सुविधाएं दी जा चुकी हैं।

*****************

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज शाम चार बजे से रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिए जा सकते हैं।

*****************

सरायकेला–खरसांवा जिले के कुचाई के सुदूरवर्ती नक्सल लोटबुरू पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी द्वारा छिपा कर रखे गये गोला–बारूद सुरक्षा बलों ने बरामद किये हैं। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने दो ग्लास बम को बरामद किया। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि बरामद ग्लास बम को सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर विनिष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने ये बम लगा रखे थे।

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

*****************

- ईडी ने बोकारो के तेतुलिया मौजा में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि की कथित फर्जी खरीद–बिक्री मामले में अपनी जांच तेज कर दी है। इस क्रम में ईडी की टीम ने रांची जेल में बंद मुख्य आरोपियों से पूछताछ की।
- श्रावण मास में देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में लगातार शिवभक्तों की भीड़ उमड़ रही है। जिला प्रशासन के अनुसार अब तक 20 लाख 36 हजार से अधिक शिव भक्तों ने जलार्पण किया है।
- गोड्डा जिले में पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। इस सिलसिले में चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

*****************

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से दो दिन तक कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर राज्य में मानसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने 28 जुलाई तक राज्य के विभिन्न इलाकों में वज्रपात के साथ भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार आज रांची, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर व दुमका में भारी बारिश की चेतावनी है। इन इलाकों में वज्रपात की भी आशंका है।

*****************

जमशेदपुर में आज से 134वां डुरंड कप शुरु हो रहा है। पहला मुकाबला जमशेदपुर एफसी और नेपाल के त्रिभुवन आर्मी एफटी के बीच होगा। यह मैच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स में शाम साढ़े पांच बजे से शुरु होगा। उदघाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी के भी समारोह में शामिल होने की संभावना है। डुरंड कप को लेकर जमशेदपुरवासियों में खासा उत्साह है।

*****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने शराब घोटाला मामले में एक और गिरफ्तारी की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– एलआरडीसी को मिलेगा अवैध म्यूटेशन व दोहरी जमाबंदी रद्द करने का अधिकार।

प्रभात खबर ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है, जिसमें कहा गया है कि घरेलू हिंसा के मामलों में दो माल तक न हो गिरफ्तारी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– झारखंड में श्रमिकों की दैनिक न्यूनतम मजदूरी 52 रुपये तक बढ़ी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– अधिसूचना जारी होने के 30 दिन के भीतर चुना जायेगा नया उपराष्ट्रपति।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने बिहार में एसआईआर के खिलाफ मचे घमासान की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

<u>****************</u>